<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी को दी तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं की सौगात, कहा– विकास का मॉडल बन गई है काशी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जताया आभार, कहा– काशी और प्रदेश के उत्पादों को मिली है अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता।
- संभल हिंसा की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के सामने प्रस्तुत हुए पुलिस अधीक्षक, आयोग को सौंपा साक्ष्य। विवेचना की प्रगति रिपोर्ट की भी दी जानकारी।
- आईपीएल दो हजार पचीस के तहत आज लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस की टीम के बीच होगा मुकाबला।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल वाराणसी के मेहदीगंज में तीन हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली चौवालिस परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क अवसंरचना, बिजली, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में विकास शामिल है, जिनका उद्देश्य क्षेत्र की समग्र प्रगति को बढ़ावा देना है। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब काशी केवल प्राचीनता का प्रतीक नहीं रही, बल्कि विकास का मॉडल बन गई है।

**पिछले दस वर्षों में बनारस के विकास ने एक नई गति पकड़ी है। काशी ने आधुनिक समय को साधा है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में मजबूत कदम रखे है। आज काशी सिर्फ पुरातन नहीं मेरी काशी प्रगतिशील भी है।**

काशी के तेज विकास की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संरचना में सुधार, धार्मिक पर्यटन और नागरिक सुविधाओं में उन्नयन ने इस प्राचीन नगरी को आधुनिक शहरी केंद्र में बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब केवल संभावनाओं की धरती नहीं बल्कि सामर्थ्य और सिद्धियों की संकल्प भूमि बन रहा है।

**साथियों बीते वर्षों में यूपी ने अपना आर्थिक नक्शा भी बदला है। नजरिया भी बदला है। यूपी अब सिर्फ संभावनाओं की धरती नहीं रहा। अब ये सामर्थ्य और सिद्धियों की संकल्प भूमि बन रहा है।**

प्रधानमंत्री ने मेड इन इंडिया की वैश्विक पहचान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के उत्पाद अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीआई टैग केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी की पहचान का पासपोर्ट है। ये काशी के हुनर को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जीआई टैगिंग में देश में पहले स्थान पर है।

**आज यहां कई उत्पादों को जी आई टैग किया गया है। जी आई टैग ये सिर्फ एक टैग नहीं है ये किसी जमीन की पहचान का प्रमाण पत्र है। ये बताता है कि ये चीज इसी मिट्टी की पैदाइश है। जहां जी आई टैग पहुंचता है वहां से बाजारों में बुलंदियों का रास्ता खुलता है। आज यू पी जी आई टैगिंग में नंबर वन है।**

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सत्तर वर्ष से अधिक आयु के तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड सौंपे । उन्होंने प्रदेश के इक्कीस पारंपरिक उत्पादों को भौगोलिक संकेतक जीआई टैग का प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा बनास डेयरी–अमूल से जुड़े राज्य के दुग्ध उत्पादक किसानों को एक सौ छह करोड़ रुपये का बोनस भी ट्रांसफर किया।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से काशी और उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

**काशी और उनके अगल बगल के जनपदों को सार्वजनिक जीआई टैग अब तक प्राप्त हुआ है और अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिये करोड़ों हस्तशिल्पियों और कारीगरों की ओर से भी आपका ह्रदय आभार व्यक्त करते हैं।**

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने करोड़ो रुपये की विकास परियोजनाओं का उपहार प्रदान कर वाराणसी के विकास को नई गति दी है। उनका मार्गदर्शन सदैव लोक कल्याण के लिए उर्जा प्रदान करती है।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक संबंधित जेपीसी के अध्यक्ष और डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने कल बस्ती में कहा कि विपक्ष और विभिन्न राज्यों में बैठकें करके व्यापक चर्चा के बाद सभी की सहमति से वक्फ बोर्ड बिल पास किया गया। इस कानून से गरीब मुसलमानों के साथ महिलाओं को भी लाभ मिलेगा।

**सभी राज्यों में गए हो के बाद ही कानून बनाया गया विपक्ष का आरोप इसलिए उनको लग रहा है जो अभी तक गरीब पसमांदा आम मुसलमानों को अभी तक कोई फायदा नहीं मिला था। अब वक्फ का फायदा उनको मिलेगा। बोर्ड में बैकवर्ड रहेगा। पसमांदा ओबीसी का बोर्ड का मेंबर रहेगा। ऑल इंडिया माइनॉरिटी कमीशन का रहेगा तो पहली बार तो हमने संशोधन करके गरीबों को हक दिलाने का काम किया है। दो दो महिलाएं उसकी सदस्य रहेगी।**

**********

संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने संभल हिंसा की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के सामने प्रस्तुत होकर कल कई सवालों के जवाब दिये। आयोग के सदस्य और पूर्व डीजीपी एके जैन ने बताया कि आयोग ने एसपी से जो भी सवाल पूछे उनका उत्तर संतोषजनक रहा। वहीं, संभल के एसपी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले साल चौबीस नवम्बर को हुई संभल हिंसा संबंधित सभी साक्ष्य और विवेचना में हुई प्रगति का विवरण आयोग को दे दिया गया है। इस हिंसा में कुल बारह एफआईआर दर्ज हुई थी, जिनमें से छह में चार्जशीट हो चुकी है।

संभल हिंसा उस समय हुई थी जब वहां की शाही जामा मस्जिद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई की टीम सर्वे कर रही थीं। इस हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी और बीस सुरक्षाकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गये थे।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय संगीत उद्योग के सहयोग से कल बत्तीस वेव्स – क्रिएट इन इंडिया चैलेंज श्रृंखला में शामिल संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की। पहला विश्व दृश्य–श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन – वेव्स दो हजार पचीस इस वर्ष एक से चार मई तक मुंबई में आयोजित होगा। उधर, केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रचनात्मक क्षेत्र से उभरती अर्थव्यवस्था में महाराष्ट्र और मुम्बई का विशेष महत्व है और तेजी से बदलती टैक्नोलॉजी के दौर में इसे बनाए रखने के लिए मुम्बई में वेव्स दो हजार पचीस आयोजित किया जा रहा है। श्री वैष्णव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मुम्बई में वेव्स के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल दो हजार पचीस के तहत आज लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। यह मैच आज दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।

**********

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल बताया कि फिरोजाबाद जिले के विभिन्न मंदिरों और प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के निर्माण के लिए चौतीस करोड़ तिहत्तर लाख रूपये की उन्नीस परियोजनायें वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस पचीस के अंतर्गत स्वीकृत की गयी हैं। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी।

**********

आज हनुमान जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के परम भक्त, संकटमोचन श्री हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। इस मौके पर प्रदेश के कई जिलों में विविध आयोजन भी किये जा रहे हैं। शाहजहांपुर जिले में हनुमान जयंती पर हनुमंत धाम में आने वाले अति विशिष्ट लोगों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किये गये हैं।

**********

पूर्व विधायक और समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्णमासी देहाती का कल लखनऊ में निधन हो गया। वे लगभग चौहत्तर वर्ष के थे तथा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पूर्णमासी देहाती कुशीनगर जिले के नौरंगिया विधानसभा क्षेत्र से तीन बार और रामकोला विधानसभा सीट से एक बार विधायक चुने गये थे। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित सपा व अन्य दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

**********

प्रदेश के पीलीभीत, फर्रुखाबाद, बरेली और अमरोहा समेत कई जिलों में बीती रात से गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान तेज आंधी चली और बिजली चमकने के साथ साथ कुछ जिलों में बूंदाबांदी भी हुई। उधर, मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में आज के लिए भी गरज चमक के साथ बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**********